# अंतर दृष्टि

## चर्चा में क्यों?

7 अप्रैल 2025 को **राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान, देहरादून** और **राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ (NAB),** नई दिल्ली ने संयुक्त रूप से **'अंतर दृष्टि' का उद्घाटन किया।**

## मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य एवं विशेषताएँ:**
  - 'अंतर दृष्टि' को [दृष्टिबाधित व्यक्तियों](#) के दैनिक अनुभवों का अनुकरण करने के लिये एक **अद्वितीय संवेदी अंधेरे कमरे के रूप में डिज़ाइन किया गया है।**
  - यह सुविधा दृष्टिहीन व्यक्तियों को पूर्ण अंधेरे में भी कार्य करने में सक्षम बनाती है, जिससे **अंधेपन या कम दृष्टि वाले व्यक्तियों** के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति **सहानुभूति और समझ को बढ़ावा मिलता है।**
  - इस पहल का उद्देश्य सामान्य जनता और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन अनुभवों के बीच **अवधारणात्मक अंतर को पाटकर समावेशन को बढ़ावा देना है।**
- **अमर सेवा संगम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर:**
  - उद्घाटन के दिन, NIEPVD ने विकलांगता पुनर्वास में अग्रणी संगठन **अमर सेवा संगम** के साथ एक **समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये।**
- **'सक्षम समावेशन' ऐप का कार्यान्वयन:**
  - **इस साझेदारी के माध्यम से, NIEPVD विकासात्मक विकलांगता वाले बच्चों की शीघ्र पहचान, हस्तक्षेप और ट्रैकिंग के लिये अमर सेवा संगम द्वारा विकसित 'सक्षम समावेशन' ऐप को लागू करेगा।**
  - NIEPVD दृष्टिबाधित उपयोगकर्त्ताओं के लिये ऐप की पहुँच और प्रतिक्रिया को बढ़ाने के लिये दृश्य विकलांगता में अपनी विशेषज्ञता को एकीकृत करेगा।
  - **यह ऐप टेली-परामर्श, पुनर्वास योजना और शीघ्र हस्तक्षेप के माध्यम से** अनुकूलित सहायता प्रदान करेगा, जिससे पहुँच और प्रभाव में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।
  - यह पहल भारत भर में दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण और समग्र विकास के लिये **सुलभ, समावेशी और प्रौद्योगिकी-सक्षम प्रणालियों को बढ़ावा देने के DEPwD के लक्ष्य के अनुरूप है।**

## विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016

- इसका उद्देश्य **विकलांग व्यक्तियों (PwDs)** के अधिकारों की **रक्षा करना और उन्हें बढ़ावा देना है।**
- **इसका उद्देश्य [विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCRPD)](#) को** प्रभावी बनाना है, जिसका भारत ने **2007** में अनुसमर्थन किया था।
- बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति को उस व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें **निर्दिष्ट विकलांगता का कम से कम 40% हिस्सा हो।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/difference-vision